फा.सं.25-I(02)/2021-एएचडी/एआर

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(एआर अनुभाग)**

*****

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 21 दिसम्बर, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में नवम्बर, 2021 का मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा नवम्बर, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/ मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

सर्बेस्वर माझी

(सर्बेस्वर माझी)

उप सचिव (जीसी/पीसी)

फोन: 011 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
2. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
4. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
8. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली।
11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव।

2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)।

3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव।

4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव।

5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव।

6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

**फा.सं.25-I(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

*********

**नवम्बर, 2021 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां।**

**1. गोपशु और डेयरी विकास:**

i. विभाग ने डॉ. वर्गीज़ कुरियन (भारत के मिल्क मैन) की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसे राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के रूप में 26 नवम्बर 2021 को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और डॉ. कुरियन द्वारा सृजित अन्य संस्थानों के साथ मिलकर टी. के. पटेल सभागार, राष्ट्रीय डयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) परिसर, एनडीडीबी, आणंद, गुजरात में मनाया गया। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने वर्चुअल माध्यम से हैस्सरघट्टा, कर्नाटक और गुजरात के धामरोड़ में आईवीएफ प्रयोगशाला का उद्घाटन किया तथा नस्ल वृद्धि फार्म हेतु ग्रैंड स्टार्ट-अप चैलेंज 2.0 और बेब पोर्टल को लांच किया। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के माननीय मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसानों, सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों और सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति (डीसीएस) की श्रेणियों हेतु विजेताओं को गोपाल रत्न पुरस्कार से भी प्रोत्साहित किया।

ii. विभाग ने वित्तीय सेवाएं विभाग के सहयोग से किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा को सभी पात्र पशुपालन व डेयरी किसानों को उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 15 नवम्बर 2021 से दिनांक 15 फरवरी 2022 तक एक "राष्ट्रव्यापी एएचडीएफ- केसीसी अभियान" की शुरूआत की। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने आधिकारिक रूप से दिनांक 15/11/2021 को वर्चुअल मोड के माध्यम से अभियान की शुरूआत की।

2. पशुधन स्वास्थ्य:

i. गुजरात और दिल्ली में लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) की घटनाएं दोबारा होने की पुष्टि होने पर, राज्यों को एक निश्चित समय सीमा में रोग को नियंत्रण और रोकथाम करने के लिए रिंग टीकाकरण सहित तत्काल जैव-सुरक्षा और जैव-संरक्षा उपाय करने के लिए कहा गया।

ii. उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्यप्रदेश राज्य में ग्लैंडर्स की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने बीमारी को और आगे फैलने से रोकने के लिए राज्य को ज़ू-स्वच्छता उपायों को अपनाने, संक्रमित क्षेत्र से घोडों की आवाजाही की निगरानी करने /प्रतिबंधित करने के संबंध में संसूचित किया।

iii. विभाग ने कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग (सीएसी 44) के 44 वें सत्र के लिए अधिकारियों को नामित किया, जो दिनांक 8 से 13 नवम्बर और दिनांक 15 नवम्बर 2021 को आयोजित होने वाला है, जिसमें दिनांक 17 और 18 नवम्बर, 2021 को रिपोर्ट स्वीकार करना भी शामिल है।

iv. विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीसीआईजे) के साथ साझेदारी में दिनांक 3 नवम्बर 2021 को दिनांक 3 नवम्बर 2021 को अंतर्राष्ट्रीय वन हेल्थ दिवस मनाया। इस दिन "उद्योग और वन हेल्थ" पर एक वर्चुअल हितधारक फोरम का आयोजन करके छठां वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय वन हेल्थ दिवस मनाया गया।

v. विभाग ने दिनांक 15-16 नवम्बर 2021 के दौरान एमईआरएस-सीओवी और अन्य उभरते कोरोना वायरस पर एफएओ-ओआईई-डब्ल्यूएचओ वैश्विक तकनीकी बैठक के लिए अधिकारियों को नामित किया।

vi. विभाग ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (एनईआरडीडीएल) गुवाहाटी और पशु जैव प्रोद्योगिकी विभाग, असम कृषि विश्वविद्यालय के बीच "गोपशुओं में लम्पी त्वचा रोग (एलएसडी) के लिए बहुसंयोजी वेक्टर टीकों के निर्माण और इसकी प्रतिरक्षात्मक शक्ति का मूल्यांकन" नामक परियोजना पर सहयोगात्मक अनुसंधान संबंधी परियोजना के लिए सहमति व्यक्त की।

3. क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी):

i. आजादी के अमृत महोत्सव के भाग के रूप में डीएएचडी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के बीच दिनांक 17 नवम्बर, 2021 को कृषि भवन, नई दिल्ली में, माननीय केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल और माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्रियों श्री संजीव कुमार बाल्यान और डॉ. एल मुरुगन की उपस्थिति में पशुपालन और डेयरी विभाग की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से डेयरी उद्यमियों/डेयरी उद्योगों तक लाभ के विस्तार हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

ii. पशुपालन और डेयरी विभाग ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के समर्थन से दिनांक 23 नवम्बर 2021 को एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) का सामना करने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना पर एक राष्ट्रीय हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्याशाला के उद्घाटन सत्र को माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला द्वारा संबोधित किया गया।

4. व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी):

i. माननीय एफएएचडी मंत्री और भारत में ब्राजील के राजदूत महामहिम श्री आंद्रे अरन्हा कोरेआ दो लागो के बीच दिनांक 23/11/2021 को भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंधों, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी समझौता वार्ता और सहयोग तथा भारत से ब्राजील में बोवाइन भ्रूण के निर्यात के मुद्दे पर चर्चा हेतु एक बैठक आयोजित की गई।

ii. संयुक्त सचिव (व्यापार) और सुश्री अमांडा क्वेक, प्रथम सचिव, सिंगापुर उच्चायोग नई दिल्ली के बीच दिनांक 09/11/2021 को एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गयी, जिसमें सिंगापुर से भारत को हीट ट्रीटेड पोल्ट्री मांस उत्पादों के निर्यात हेतु प्रस्तावित स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र संबंधी मुद्दा भी शामिल था।

5. बजट:

वर्ष 2021-22 के लिए, नवम्बर, 2021 तक, 3599.98 करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) के मुकाबले, व्यय 2086.10 करोड़ रुपये था। नवम्बर, 2021 माह के दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग का व्यय 168.01 करोड़ रु. था।

6. सोशल मीडिया क्रियाकलाप

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 55,584 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 154 रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 253 ट्वीट, 1014 री-ट्वीट किए गए, 6 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,25,708 फॉलोवर्स हैं। विभाग के कू एकाउंट पर 37,000 फॉलोवर्स हैं। नवम्बर 2021 के अंत तक लिंक्डइन पर 347 फॉलोवर्स तथा इंस्टाग्राम पर 303 फॉलोवर्स थे।

*******